# ACCOUNTANCY

# लेखांकन

## ( Principles and Practice of Financial Accounting )

## ( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )

## (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Name any *two* methods of preparing Trial Balance. 1

तलपट बनाने की किन्हीं **दो** विधियों के नाम दीजिए।

**2.** State the meaning of 'Partnership Deed'. 1

'साझेदारी संलेख' का अर्थ बताइए।

**3.** Differentiate between 'Public Company' and 'Private Company' on the basis of 'Transfer of Shares'. 1

'सार्वजनिक कम्पनी' और 'निजी कम्पनी' में 'अंशों के हस्तान्तरण' के आधार पर अन्तर बताइए।

**4.** Name the types of cash voucher stating the nature of transaction that is recorded in each one. 2

रोकड़ प्रमाणक के प्रकारों के नाम दीजिए यह उल्लेख करते हुए कि प्रत्येक में किस प्रकार के लेनदेनों का अभिलेखन किया जाता है।

**5.** What is meant by 'Errors of Omission'? Give an example of such error. 2

'लोप अशुद्धियों' से क्या अभिप्राय है? इस प्रकार की अशुद्धि का एक उदाहरण दीजिए।

**6.** State the meaning and purpose of 'Central Processing Unit' as a component of computer. 2

कम्प्यूटर के एक घटक के रूप में 'केन्द्रीय प्रकरण इकाई' का अर्थ बताइए और उसकी उपयोगिता का उल्लेख कीजिए।

**7.** What is meant by 'Capital Expenditure'? Give any *two* examples of it. 2

'पूँजीगत व्यय' से क्या अभिप्राय है? इसके कोई **दो** उदाहरण दीजिए।

**8.** Give the meaning of *(a)* Grant-in-Aid, and *(b)* Entrance Fees. 2

(क) सहायतार्थ अनुदान एवं (ख) प्रवेश शुल्क का अर्थ बताइए।

**9.** *A*, *B* and *C* are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1st April 2010, *B* retires. His share is taken over by *A* and *C* in equal proportion. Profit of the firm for the year ending on 31st March, 2011 was Rs 60,000. Calculate the new profit-sharing ratio and the amount of profit to be credited to *A* and *C*. 2

*A*, *B* और *C* साझेदार हैं और लाभ का बँटवारा 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं। 1 अप्रैल, 2010 को *B* ने अवकाश ग्रहण कर लिया। *B* के भाग का *A* और *C* ने समान अनुपात में अधिग्रहण किया। 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में फर्म का लाभ 60,000 रु० था। नया लाभ अनुपात तथा *A* और *C* के जमा पक्ष में लिखे जाने वाली लाभ की राशि की गणना कीजिए।

**10.** What is meant by 'Cash Basis of Accounting'? Give any *two* advantages of it. 4

'रोकड़ आधारित लेखांकन' का क्या अर्थ है? इसके कोई **दो** लाभ बताइए।

**11.** Journalise the following transactions : 4

*(i)* Purchased furniture for cash—Rs 4,500

*(ii)* Payment received from Chandni by cheque—Rs 8,350. Allowed her a discount of Rs 150

*(iii)* Charge depreciation @ 10% p.a. on machinery of Rs 20,000 for 6 months

निम्नलिखित लेनदेनों की रोजनामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* फर्नीचर का नकद क्रय किया—4,500 रु०

*(ii)* चाँदनी से चेक द्वारा भुगतान प्राप्त हुआ—8,350 रु०। उसको 150 रु० की छूट दी गई

*(iii)* 20,000 रु० की मशीन पर 10% वार्षिक की दर से 6 महीने का अवक्षयण लगाइए

**12.** Prepare a Bank Column Cash Book from the following particulars : 4

| *Date* | | *Details* | *Amount* |
|---|---|---|---|
| 2011 | | | Rs |
| July | 1 | Cash in hand | 2,400 |
| | | Cash at bank | 4,250 |
| ” | 5 | Cash sales | 16,500 |
| ” | 8 | Cash deposited in the bank | 14,000 |
| ” | 18 | Received cheque from Sameer and paid into bank on the same day | 23,600 |
| ” | 24 | Paid to Anubhav by cheque | 17,500 |
| ” | 30 | Withdrew cash from bank for personal use | 8,000 |

निम्नलिखित विवरणों से बैंक स्तम्भीय रोकड़ बही बनाइए :

| *तिथि* | | *विवरण* | *राशि* |
|---|---|---|---|
| 2011 | | | रु० |
| जुलाई | 1 | हस्तस्थ रोकड़ | 2,400 |
| | | बैंक में रोकड़ | 4,250 |
| ” | 5 | नकद बिक्री | 16,500 |
| ” | 8 | बैंक में रोकड़ जमा की | 14,000 |
| ” | 18 | समीर से चेक प्राप्त हुआ जिसे उसी दिन बैंक में जमा कर दिया गया | 23,600 |
| ” | 24 | अनुभव को चेक द्वारा भुगतान किया | 17,500 |
| ” | 30 | निजी उपयोग हेतु बैंक से राशि निकाली | 8,000 |

**13.** Bank Reconciliation Statement is prepared to reconcile the difference between the balances as per the bank column of the Cash Book and Pass Book on any date. Enlist any *four* reasons of the difference. 4

बैंक समाधान विवरण किसी भी एक तिथि को रोकड़ बही के बैंक स्तम्भ द्वारा दर्शाए गए शेष और पास बुक के शेष के बीच अन्तर के समाधान के लिए बनाया जाता है। इस अन्तर के किन्हीं **चार** कारणों को सूचीबद्ध कीजिए।

**14.** Make Journal Entries to rectify the following errors : 4

*(i)* Sale of Rs 12,000 to Radhika was wrongly recorded in Purchases Book

*(ii)* Rs 32,000 paid for the construction of two rooms of office was debited to Repairs Account

*(iii)* Purchases Book is undercast by Rs 1,000

निम्न लेखांकन अशुद्धियों के शोधन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* राधिका को 12,000 रु० के विक्रय का लेखा गलती से क्रय पुस्तक में कर दिया गया

*(ii)* कार्यालय के दो कमरों के निर्माण के लिए 32,000 रु० का भुगतान किया गया जिसे मरम्मत खाते के नाम में लिख दिया गया

*(iii)* क्रय बही का योग 1,000 रु० कम लगाया गया

**15.** Quality Life (Regd.), an NGO, is working for the welfare of people in villages. One of the main sources of its revenue is subscription, the details of which are given below :

| | Rs |
|---|---|
| Subscription received during 2011 | 68,000 |
| Subscription outstanding on 01.01.2011 | 2,200 |
| Subscription received in advance in 2010 for 2011 | 8,000 |
| Subscription outstanding as on 31.12.2011 | 2,500 |
| Subscription received in advance in 2011 for 2012 | 1,600 |

Calculate the amount of subscription to be credited to 'Income and Expenditure Account' of this NGO for the year 2011. 4

एक गैर-सरकारी संगठन (NGO), क्वॉलिटि लाइफ (पंजीकृत), गाँवों में लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसकी आय का एक मुख्य स्रोत चंदा है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

| | रु० |
|---|---|
| 2011 में प्राप्त चंदा | 68,000 |
| 01.01.2011 को अदत्त चंदा | 2,200 |
| 2010 में 2011 के लिए अग्रिम प्राप्त चंदा | 8,000 |
| 31.12.2011 को अदत्त चंदा | 2,500 |
| 2011 में 2012 के लिए अग्रिम प्राप्त चंदा | 1,600 |

वर्ष 2011 के 'आय-व्यय खाते' के जमा पक्ष में लिखी जाने वाली इस एन० जी० ओ० की चंदे की राशि की गणना कीजिए।

**16.** *X*, *Y* and *Z* are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. On 1st June 2011, *X* dies. Accounts are closed on 31st March every year. On 31st March 2011, *X*'s Capital Balance was Rs 75,000 and General Reserve was Rs 4,500. On that date goodwill of the firm was valued at Rs 25,000. On the date of death, his share of profit is calculated on the basis of average profits of last three years which amounted to Rs 40,000. Interest on capital is allowed @ 9% p.a. *X*'s drawings for two months are Rs 8,000.

Prepare Capital Account of *X* to be rendered to his executors. 4

*X*, *Y* और *Z* एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ को 2 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। 1 जून, 2011 को *X* की मृत्यु हो गई। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद किये जाते हैं। 31 मार्च, 2011 को *X* का पूँजी शेष 75,000 रु० था तथा सामान्य संचय 4,500 रु० था। इसी तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्य 25,000 रु० आँका गया। उसकी मृत्यु की तारीख से, उसके हिस्से के लाभ की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की गई जो कि 40,000 रु० थे। पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाना था। *X* की दो महीने की आहरण राशि 8,000 रु० थी।

*X* के उत्तराधिकारियों को देने के लिए *X* का पूँजी खाता बनाइए।

**17.** What is meant by 'Shares Issued at Premium'? State any *three* purposes for which premium amount can be utilised. 4

'अंशों का अधिमूल्य पर निर्गमन' से क्या अभिप्राय है? अधिमूल्य की राशि का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, किन्हीं **तीन** का उल्लेख कीजिए।

**18.** Prepare accounting equation on the basis of the following transactions : 6

| | | Rs |
|---|---|---|
| *(i)* | Amogh started business with cash | 80,000 |
| *(ii)* | Paid into bank | 60,000 |
| *(iii)* | Purchased goods from Ashok on credit | 35,000 |
| *(iv)* | Purchased goods and paid by cheque | 45,000 |
| *(v)* | Paid commission | 2,500 |
| *(vi)* | Goods sold costing Rs 32,000 and payment received by cheque | 35,000 |
| *(vii)* | Paid to Ashok by cheque in full settlement | 34,500 |
| *(viii)* | Drawings for the month | 4,500 |

निम्नलिखित लेनदेनों से लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए :

| | | रु० |
|---|---|---|
| *(i)* | अमोघ ने रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया | 80,000 |
| *(ii)* | बैंक में जमा कराये | 60,000 |
| *(iii)* | अशोक से उधार माल खरीदा | 35,000 |
| *(iv)* | माल खरीदा और चेक द्वारा भुगतान किया | 45,000 |
| *(v)* | कमीशन का भुगतान किया | 2,500 |
| *(vi)* | 32,000 रु० की लागत के माल का विक्रय किया तथा भुगतान चेक द्वारा प्राप्त किया | 35,000 |
| *(vii)* | अशोक को चेक से भुगतान कर हिसाब चुकता किया | 34,500 |
| *(viii)* | महीने का आहरण | 4,500 |

**19.** Maya Finance and Investment Co. Ltd. offered to public for subscription of 50000 shares of Rs 10 each at a premium of Rs 2 per share. The amount payable on these shares was as follows :

Rs 2 per share on application

Rs 6 per share (including premium) on allotment

Balance on call

Applications were received for 80000 shares. Shares were allotted on pro rata basis to all the applicants. Excess application money was adjusted towards sum due on allotment. All money was duly received except allotment and call money on 600 shares held by Nirmal who did not pay allotment and call money. Her shares were forfeited.

Make necessary Journal Entries of the above transactions in the books of the company. 6

माया फाइनैन्स एण्ड इन्वेस्टमैंट कं० लि० ने 10 रु० वाले 50000 अंशों को 2 रु० प्रति अंश प्रीमियम पर जनसाधारण को अभिदान हेतु प्रस्तावित किये। इन अंशों पर राशि का भुगतान निम्न प्रकार से होना था :

2 रु० प्रति अंश आवेदन पर
6 रु० प्रति अंश (प्रीमियम सहित) आबंटन पर
शेष याचना पर

80000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी अंशधारियों को अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर कर दिया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि को आबंटन पर देय राशि में समायोजित कर दिया गया। सभी राशि यथोचित प्राप्त हुई। केवल निर्मल के 600 अंशों पर आबंटन एवं याचना राशि प्राप्त नहीं हुई। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया।

उपरोक्त लेनदेनों की कम्पनी की लेखा पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**20.** On 1st April 2008, Incredible India Ltd. has issued 1000, 10% Debentures of Rs 1,000 each at a discount of 10% for a period of 4 years. The Debentures are to be redeemed in four equal annual instalments. Company decides to write off Debenture discount each year in proportion to the amount of Debenture redeemed.

Calculate the amount of 'Discount on Issue of Debentures' to be written off each year and prepare 'Discount on Issue of Debentures Account' for 2008–2009 and 2009–2010. Accounts are closed every year on 31st March. 6

इन्क्रेडिबल इण्डिया लि० ने 1 अप्रैल, 2008 को 1000, 10% ऋणपत्र 1,000 रु० प्रति ऋणपत्र, 10% के बट्टे पर 4 वर्ष की अवधि के लिए जारी किये। ऋणपत्रों का शोधन चार समान राशि की वार्षिक किस्तों में होना था। कम्पनी ने ऋणपत्रों के बट्टे की राशि को प्रतिवर्ष ऋणपत्रों की शोधन राशि के अनुपात में अपलिखित करने का निर्णय लिया।

'ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे' की प्रतिवर्ष अपलिखित की जाने वाली राशि की गणना कीजिए तथा वर्ष 2008–2009 और 2009–2010 का 'ऋणपत्र निर्गमन बट्टा खाता' बनाइए। खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द किये जाते हैं।

**21.** From the following Trial Balance and additional information of M/s S. K. & Sons, prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ended on 31st March, 2011 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Trial Balance as on 31st March, 2011*

| *Particulars* | *Dr. Balances* Rs | *Cr. Balances* *Rs* |
|---|---|---|
| Capital | | 1,00,000 |
| Plant and Machinery | 40,000 | |
| Sundry Debtors | 24,000 | |
| Sundry Creditors | | 12,000 |
| Drawings | 10,000 | |
| Purchases and Sales | 1,05,000 | 1,64,000 |
| Wages | 50,000 | |
| Bank | 10,000 | |
| Repairs | 500 | |
| Stock (01.04.2010) | 20,000 | |
| Bad Debts Reserve | | 1,200 |
| Rent and Insurance | 4,000 | |
| Manufacturing Expenses | 8,000 | |
| Trade Expenses | 5,700 | |
| Bad Debts | 2,000 | |
| Carriage Outward | 1,500 | |
| Bills Payable | | 5,000 |
| Advertisement | 1,500 | |
| | 2,82,200 | 2,82,200 |

*Additional Information* :

*(i)* The closing stock was valued at Rs 14,500

*(ii)* Provide depreciation Rs 4,000 on plant and machinery

*(iii)* Make a provision for bad and doubtful debts @ 5% on debtors

*(iv)* Prepaid insurance was Rs 1,000

मै० एस० के० एण्ड संस के निम्न तलपट एवं अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण बनाइए :

*31 मार्च, 2011 को तलपट*

| *विवरण* | *नाम शेष* रु० | *जमा शेष* रु० |
|---|---|---|
| पूँजी | | 1,00,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 40,000 | |
| विभिन्न देनदार | 24,000 | |
| विभिन्न लेनदार | | 12,000 |
| आहरण | 10,000 | |
| क्रय एवं विक्रय | 1,05,000 | 1,64,000 |
| मजदूरी | 50,000 | |
| बैंक | 10,000 | |
| मरम्मत व्यय | 500 | |
| स्टॉक (01.04.2010) | 20,000 | |
| अप्राप्य ऋण संचय | | 1,200 |
| किराया एवं बीमा | 4,000 | |
| विनिर्माण व्यय | 8,000 | |
| व्यापार व्यय | 5,700 | |
| अप्राप्य ऋण | 2,000 | |
| बाह्य भाड़ा | 1,500 | |
| देय विपत्र | | 5,000 |
| विज्ञापन | 1,500 | |
| | 2,82,200 | 2,82,200 |

*अतिरिक्त सूचना* :

*(i)* अन्तिम स्टॉक का मूल्य 14,500 रु० आँका गया

*(ii)* संयंत्र एवं मशीनरी पर 4,000 रु० का अवक्षयण लगाना है

*(iii)* देनदारों पर 5% की दर से अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

*(iv)* अग्रिम बीमा राशि 1,000 रु० थी

**OR / अथवा**

From the following 'Receipts and Payments Account' and with the given additional information of Grameen Sports Club, prepare 'Income and Expenditure Account' for the year ended on 30th June, 2011 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Receipts & Payments A/c*
*for the year ended on 30th June, 2011*

*Dr.* *Cr.*

| *Receipts* | *Amount* Rs | *Payments* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| To Cash in hand | 8,000 | By Purchase of sports material | 22,000 |
| " Subscription | 20,000 | " Salary of coaches | 5,000 |
| " Sale of old bats, balls, etc. | 1,500 | " Match expenses | 18,000 |
| " Donations | 18,000 | " Rent | 4,800 |
| " Government grant | 24,000 | " Furniture | 6,500 |
| " Sales of tickets | 17,000 | " Miscellaneous expenses | 4,200 |
| | | " Fixed deposit (01.01.2011 @ 9% p.a.) | 20,000 |
| | | " Cash in hand | 8,000 |
| | 88,500 | | 88,500 |

*Additional Information* :

*(i)* Subscription outstanding as on 1st July, 2010 was Rs 2,000 and on 30th June, 2011 was Rs 3,200

*(ii)* On 30th June, 2011 salary outstanding was Rs 2,000

*(iii)* On 1st July, 2010 the value of furniture was Rs 3,500 and stock of sports material was Rs 4,000

*(iv)* Stock of sports material at the end of the year was Rs 2,000

ग्रामीण स्पोर्ट्स क्लब के निम्न 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता' एवं दी गई अतिरिक्त सूचना से 30 जून, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 'आय-व्यय खाता' तथा इसी तिथि को 'स्थिति विवरण' बनाइए :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*वर्ष समाप्ति 30 जून, 2011*

*नाम* *जमा*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* रु० | *भुगतान* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 8,000 | खेल के सामान का क्रय | 22,000 |
| चंदा | 20,000 | कोचों का वेतन | 5,000 |
| पुराने बल्ले, गेंद आदि का विक्रय | 1,500 | मैच के खर्चे | 18,000 |
| दान राशि | 18,000 | किराया | 4,800 |
| सरकारी अनुदान | 24,000 | फर्नीचर | 6,500 |
| टिकटों की बिक्री | 17,000 | विविध व्यय | 4,200 |
| | | सावधि जमा (01.01.2011 को 9% वार्षिक की दर से) | 20,000 |
| | | हस्तस्थ रोकड़ | 8,000 |
| | 88,500 | | 88,500 |

*अतिरिक्त सूचना* :

*(i)* 1 जुलाई, 2010 को अदत्त चंदा 2,000 रु० और 30 जून, 2011 को 3,200 रु० था

*(ii)* 30 जून, 2011 को अदत्त वेतन 2,000 रु० था

*(iii)* 1 जुलाई, 2010 को फर्नीचर का मूल्य 3,500 रु० तथा खेल के सामान के स्टॉक का मूल्य 4,000 रु० था

*(iv)* वर्ष के अन्त में खेल के सामान के स्टॉक का मूल्य 2,000 रु० था

**22.** The following was the Balance Sheet of Maya and Nirmal who shared profits and losses in the ratio of 3 : 2 as on 1st January, 2011 :

*Balance Sheet of Maya and Nirmal*
*as on 1st January, 2011*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 35,000 | Cash | | 12,000 |
| General Reserve | | 15,000 | Sundry Debtors | 62,000 | |
| Capitals : | | | *Less* : Provision | | |
| Maya | 60,000 | | for Bad Debts | 2,000 | 60,000 |
| Nirmal | 40,000 | 1,00,000 | Stock | | 22,000 |
| | | | Furniture | | 6,000 |
| | | | Building | | 50,000 |
| | | 1,50,000 | | | 1,50,000 |

They agreed to admit Salma into partnership on the above date on the following terms :

*(i)* Salma will pay Rs 10,000 as her share of goodwill and Rs 30,000 as capital for $\frac{1}{4}$ share of profits in business

*(ii)* Building was to be valued at Rs 65,000 and furniture was to be depreciated by 5%

*(iii)* Provision for bad debts was to be reduced to Rs 1,500

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm. 10

1 जनवरी, 2011 को माया और निर्मल, जो कि लाभ-हानि 3 : 2 के अनुपात में बाँटती थीं, का स्थिति विवरण निम्न था :

*माया एवं निर्मल का स्थिति विवरण*
*1 जनवरी, 2011 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* रु० | *सम्पत्तियाँ* | | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 35,000 | रोकड़ | | 12,000 |
| सामान्य संचय | | 15,000 | विभिन्न देनदार | 62,000 | |
| पूँजी : | | | *घटा :* अप्राप्य ऋणों के | | |
| माया | 60,000 | | लिए प्रावधान | 2,000 | 60,000 |
| निर्मल | 40,000 | 1,00,000 | स्टॉक | | 22,000 |
| | | | फर्नीचर | | 6,000 |
| | | | भवन | | 50,000 |
| | | 1,50,000 | | | 1,50,000 |

उपर्युक्त तिथि को वे सलमा को निम्न शर्तों पर प्रवेश देने के लिए सहमत होती हैं :

*(i)* सलमा अपने हिस्से की ख्याति के लिए 10,000 रु० तथा व्यवसाय के लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के अपने हिस्से की पूँजी के रूप में 30,000 रु० का भुगतान करेगी

*(ii)* भवन का मूल्यांकन 65,000 रु० पर किया गया तथा फर्नीचर पर 5% का अवक्षयण लगाया जाएगा

*(iii)* अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान को घटा कर 1,500 रु० किया जाएगा

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए।

**OR / अथवा**

*X* and *Y* are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2011 was as follows :

*Balance Sheet of X and Y*
*as on 31st March, 2011*

| *Liabilities* | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| Creditors | 28,000 | Cash in Hand | 10,500 |
| Bills Payable | 10,000 | Cash at Bank | 20,000 |
| Profit & Loss Account | 12,000 | Stock | 17,500 |
| Capitals : | | Sundry Debtors 21,500 | |
| *X* 40,000 | | *Less* : Provision | |
| *Y* 20,000 | 60,000 | for Bad and | |
| | | Doubtful Debts 500 | 21,000 |
| | | Land and Building | 41,000 |
| | 1,10,000 | | 1,10,000 |

The firm was dissolved on 31st March, 2011.

*(i)* The assets were realised as under :

Debtors at a discount of 5%
Stock at Rs 16,000
Building at Rs 52,000

*(ii)* Creditors and Bills Payable are paid at a discount of 5%

*(iii)* Realisation expenses amounted to Rs 1,500

Prepare Realisation Account, Bank Account and Capital Accounts of *X* and *Y*. 10

*X* और *Y* साझेदार हैं जो लाभों का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च, 2011 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार है :

*X तथा Y का स्थिति विवरण*
*31 मार्च, 2011 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* रु० | *सम्पत्तियाँ* | | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 28,000 | हस्तस्थ रोकड़ | | 10,500 |
| देय विपत्र | | 10,000 | बैंक में रोकड़ | | 20,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | | 12,000 | स्टॉक | | 17,500 |
| पूँजी : | | | विभिन्न देनदार | 21,500 | |
| *X* | 40,000 | | *घटा* : अप्राप्य एवं | | |
| *Y* | 20,000 | 60,000 | संदिग्ध ऋणों के | | |
| | | | लिए प्रावधान | 500 | 21,000 |
| | | | भूमि एवं भवन | | 41,000 |
| | | 1,10,000 | | | 1,10,000 |

31 मार्च, 2011 को फर्म का विघटन कर दिया गया।

*(i)* सम्पत्तियों से निम्न राशि प्राप्त की गई :

देनदारों को 5% की छूट देकर
स्टॉक से 16,000 रु०
भवन से 52,000 रु०

*(ii)* लेनदारों और देय विपत्रों का भुगतान 5% बट्टे पर किया गया

*(iii)* वसूली व्यय की राशि 1,500 रु० थी

वसूली खाता, बैंक खाता तथा *X* और *Y* के पूँजी खाते बनाइए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

### ( Analysis of Financial Statements )

### ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

**23.** What is meant by 'Analysis of Financial Statements'? 1

'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' का क्या अर्थ है?

**24.** Why are the following parties interested in the analysis of financial statements? 2

*(a)* Investors *(b)* Management

निम्न पक्ष वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में क्यों रुचि रखते हैं?

(क) निवेशकर्ता (ख) प्रबन्धन

**25.** From the following information, calculate 'Working Capital Turnover Ratio' : 2

Cost of Sales—Rs 1,50,000
Current Assets—Rs 60,000
Current Liabilities—Rs 30,000

निम्नलिखित सूचना से 'कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात' की गणना कीजिए :

विक्रय लागत—1,50,000 रु०
चालू सम्पत्तियाँ—60,000 रु०
चालू देयताएँ—30,000 रु०

**26.** If Debt-Equity Ratio of a company is 2·5 : 1, state whether the following items will increase or decrease or have no effect on the ratio : 4

*(a)* Cash paid to Creditors

*(b)* Conversion of Debentures into Shares of equal amount

*(c)* Issue of Debentures for Cash

*(d)* Redemption of Debentures

यदि एक कम्पनी का ऋण-समता अनुपात 2·5 : 1 है, तो बताइए कि नीचे दी गई मदों के अनुपात में वृद्धि होगी अथवा कमी होगी अथवा इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा :

(क) लेनदारों को नकद भुगतान

(ख) ऋणपत्रों का समान मूल्य के अंशों में परिवर्त्तन

(ग) ऋणपत्रों का नकद निर्गमन

(घ) ऋणपत्रों का शोधन

**27.** From the following Balance Sheets of Vikram Motors Ltd., as on 31.03.2010 and 31.03.2011, prepare Cash-flow Statement : 6

*Balance Sheets of Vikram Motors Ltd.*
*as on 31.03.2010 and 31.03.2011*

| *Liabilities* | *31.03.2010* Rs | *31.03.2011* Rs | *Assets* | *31.03.2010* Rs | *31.03.2011* Rs |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 4,00,000 | 5,00,000 | Land & Building | 3,60,000 | 3,70,000 |
| 10% Debentures | 2,00,000 | 1,00,000 | Plant & Machinery | 3,50,000 | 4,35,000 |
| Profit & Loss A/c | 2,50,000 | 3,60,000 | Stock | 80,000 | 60,000 |
| Creditors | 75,000 | 60,000 | Debtors | 70,000 | 85,000 |
| | | | Bank | 45,000 | 60,000 |
| | | | Preliminary Expenses | 20,000 | 10,000 |
| | 9,25,000 | 10,20,000 | | 9,25,000 | 10,20,000 |

*Additional Information* :

During the year, depreciation on Building was Rs 15,000 and on Machinery was Rs 50,000.

विक्रम मोटर्स लि० के 31.03.2010 तथा 31.03.2011 के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइए :

*विक्रम मोटर्स लि० के स्थिति विवरण*
*31.03.2010 तथा 31.03.2011 को*

| *देयताएँ* | *31.03.2010* रु० | *31.03.2011* रु० | *सम्पत्तियाँ* | *31.03.2010* रु० | *31.03.2011* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 4,00,000 | 5,00,000 | भूमि एवं भवन | 3,60,000 | 3,70,000 |
| 10% ऋणपत्र | 2,00,000 | 1,00,000 | संयंत्र एवं मशीनरी | 3,50,000 | 4,35,000 |
| लाभ-हानि खाता | 2,50,000 | 3,60,000 | स्टॉक | 80,000 | 60,000 |
| लेनदार | 75,000 | 60,000 | देनदार | 70,000 | 85,000 |
| | | | बैंक | 45,000 | 60,000 |
| | | | प्रारम्भिक व्यय | 20,000 | 10,000 |
| | 9,25,000 | 10,20,000 | | 9,25,000 | 10,20,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

वर्ष में भवन पर 15,000 रु० और संयंत्र एवं मशीनरी पर 50,000 रु० का अवक्षयण लगाया गया।

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Elementary Cost Accounting )

## ( प्रारम्भिक लागत लेखांकन )

**23.** State the meaning of 'Cost Accounting'. 1

'लागत लेखांकन' का अर्थ बताइए।

**24.** Explain the term 'Fixed Cost' by giving an example. 2

एक उदाहरण देकर 'स्थायी लागत' शब्द की व्याख्या कीजिए।

**25.** Differentiate between 'Cost Accounting' and 'Financial Accounting' on the basis of *(a)* Objective, and *(b)* Nature. 2

'लागत लेखांकन' और 'वित्तीय लेखांकन' में (क) उद्देश्य तथा (ख) प्रकृति के आधार पर अन्तर बताइए।

**26.** A cost accountant has suggested you to use First-In-First-Out (FIFO) method of pricing for the issue of raw materials because a good system of stock management requires that the oldest units are issued first and stock consists of the latest purchases.

Acting on his suggestion, show how the following will be recorded in the 'Stores Ledger' during the month of June, 2011 : 4

| | | |
|---|---|---|
| 2011<br>June | 1 | Opening balance 400 units @ Rs 25 per unit |
| " | 8 | Purchase vide Order No. 15, 250 units @ Rs 24 per unit |
| " | 10 | Issue vide MR No. 22, 350 units |
| " | 18 | Issue vide MR No. 25, 250 units |
| " | 24 | Purchase vide Order No. 21, 200 units @ Rs 27 per unit |

एक लागत लेखाकार ने आपको कच्चे माल के निर्गमन मूल्य को निर्धारित करने की पहले-आना-पहले-जाना (FIFO) पद्धति को अपनाने की सलाह दी है क्योंकि एक अच्छी स्टॉक प्रबन्धन पद्धति के लिए यह आवश्यक है कि सबसे पहले प्राप्त इकाइयों को पहले निर्गमित किया जाए तथा स्टॉक में चालू क्रय का समावेश हो।

उसके इस सुझाव पर अमल करते हुए दर्शाइए कि जून, 2011 के महीने में निम्न का 'स्टोर्स खाता बही' में अभिलेखन कैसे किया जाएगा :

| | | |
|---|---|---|
| 2011 | | |
| जून | 1 | आरम्भिक शेष 400 इकाइयाँ 25 रु० प्रति इकाई की दर से |
| " | 8 | क्रय आदेश सं० 15, 250 इकाइयाँ 24 रु० प्रति इकाई की दर से |
| " | 10 | निर्गमन अधिग्रहण सं० 22, 350 इकाइयाँ |
| " | 18 | निर्गमन अधिग्रहण सं० 25, 250 इकाइयाँ |
| " | 24 | क्रय आदेश सं० 21, 200 इकाइयाँ 27 रु० प्रति इकाई की दर से |

**27.** From the following information, prepare Cost Sheet for the period ended on 31st March, 2011 : 6

Material Consumed—Rs 1,80,000
Direct Wages—Rs 64,000
Direct Expenses—Rs 16,000
Factory Overheads—100% of Direct Wages
Office and Administrative Overheads—20% of Works Cost
Selling and Distribution Overheads—Rs 32,000
Cost of Opening Stock of Finished Goods—Rs 18,000
Cost of Closing Stock of Finished Goods—Rs 22,000
Profit on Cost—25%

निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2011 को समाप्त अवधि के लिए लागत विवरण बनाइए :

उपयोग की गई सामग्री—1,80,000 रु०
प्रत्यक्ष मजदूरी—64,000 रु०
प्रत्यक्ष व्यय—16,000 रु०
कारखाना उपरिव्यय—प्रत्यक्ष मजदूरी का 100%
कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय—कार्य लागत का 20%
विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय—32,000 रु०
तैयार माल के आरम्भिक स्टॉक की लागत—18,000 रु०
तैयार माल के अन्तिम स्टॉक की लागत—22,000 रु०
लागत पर लाभ—25%

★ ★ ★